दिनांक 09.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर निगम के 21 वार्डों में नियमित सफाई कर्मचारियो के अतिरिक्त द्वितीय पाली हेतु 1 हजार, 30 ट्रेक्टर, सफाई के आवश्यक सभी संसाधन, के साथ डेंगू के रोकथाम हेतु जन जागरुकता रैली का आयोजन

भैंस खटाल संचालकों से निगम ने वसूले लगभग 1 लाख रुपये का अर्थदण्ड

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम केन्द्र के सभी स्वास्थ्य केन्द्र के सीएमओ, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं निगम के अधिकारियों की बीती देर रात बैठक लेकर निगम क्षेत्र में डेंगू बिमारी के उपाय हेतु रुप रेखा तैयार की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 21 वार्डों में डेंगू, मलेरिया, बुखार की शिकायत प्राप्त होने के संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गये कार्यक्रम से अवगत कराया।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने बताया कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत प्रभावित वार्ड में नियुत्रण हेतु वार्ड 4, 5, 6, 8, 9, 12, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 26, 28, 29, 30, 32, 36, 37 एवं 38 उक्त वार्डों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की दी जानकारी गई, जानकारी के आधार पर संबंधित कार्य योजना तैयार की गई है। निगम द्वारा वृहद रुप से इन प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1000 श्रमिक, 30 ट्रेक्टर, फागींग मशीन, चिकित्सा शिविर, पाम्पलेट, बैनर, पोस्टर, मैलाथियान का छिड़काव, नाले, नालियों की सफाई के साथ–साथ, आंगनबाड़ी, मितानिन, कालेजों के छात्र–छात्राएं, समाज सेवी संगठन, निगम के अधिकारी, कर्मचारी रैली निकालकर आम नागरिको को डेंगू के बचाव के उपाय हेतु जन जागरुकता रैली निकाले जाने हेतु रुपरेखा तैयार की गई।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने इस विशेष अभियान में जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को डेंगू बीमारी के रोकथाम हेतु नागरिकों से अपील करने के निर्देश देते हुए उक्त बिमारी के बचाव उपाय जैसे– घर में लगाये गये कुलर, गमले, टायर, जानवर/पक्षियों को पानी पिलाने हेतु रखे पात्र, पुजा पश्चात् बाहर रखे हुए कलश, इत्यादि पात्र जिसमें बरसात से एकत्रित रुका हुआ साफ पानी को प्रतिदिन साफ करना हेतु समझाईस देना, गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है।

डेंगू, लार्वा उत्पन्न होने योग्य जल ठहराव की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के टोल फ्री नम्बर 18002334242 में दें।

जनसम्पर्क अधिकारी